आइआइएम रांची का 15वां स्थापना दिवस समारोह आज

रांची. आइआइएम रांची का 15वां स्थापना दिवस समारोह 15 दिसंबर को मनेगा. इस आयोजन के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे. संस्थान के विवेकानंद ऑडिटोरियम में 11.30 बजे से होने वाले समारोह में केंद्रीय कैपिसिटी बिल्डिंग कमीशन के सदस्य रामास्वामी बालासुब्रह्मण्यम मुख्य वक्ता होंगे. स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का भी आयोजन किया जायेगा. निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करेंगे.

वर्ष 2009 में इसकी स्थापना हुईः आइआइएम रांची की स्थापना 15 दिसंबर 2009 में हुई. 11वीं पंचवर्षीय योजना के तहत पूर्वोत्तर भारत में देश का नौवां भारतीय प्रबंधन संस्थान के रूप में इसकी स्थापना की गयी. इसका विधिवत उदघाटन छह जुलाई 2010 को किया गया. आरंभ में दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट मैनेजमेंट कोर्स के साथ सूचना भवन में संचालित हुआ. अब यह लगभग 60 एकड़ भूमि पर नया सराय स्थित प्रबंधन नगर में शिफ्ट हो गया है. इसके अध्यक्ष प्रवीण शंकर पांड्या हैं, जबकि वर्तमान निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव हैं. वर्तमान में यहां लगभग 700 से अधिक विद्यार्थी व 48 से अधिक फैकल्टी हैं. यहां शोध कार्य भी चल रहे हैं, जिसमें लगभग एक सौ से अधिक विद्यार्थी जुड़े हुए हैं. एमजे जेवियर इस संस्थान के पहले निदेशक थे. अभी यहां एमबीए, एमबीए-एचआरएम, एमबीए-बीए के तहत डिग्री प्रदान की जाती है. मई 2023 में यंग चैंजमैकर्स प्रोग्राम (वाइसीपी) शुरू करने वाला यह पहला भारतीय प्रबंधन संस्थान है. एनआइआरएफ रैंकिंग में इसका स्थान अभी 24वां है. यहां कैट की योग्यता के आधार पर नामांकन होता है. छात्रों के नौ क्लब यहां संचालित है.

Prabhat Khabar_15.12.2023_Pg. 08